**अभियान** | राजस्व एवं पुलिस प्रशासन द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया गया

# महिलाओं की पहल से शुरू हुआ नशा मुक्ति जनआंदोलन

**नवभारत, परसवाड़ा। परसवाड़ा तहसील मुख्यालय अंतर्गत ग्राम खर्रा, खापा और सुकड़ी में 'नशे से दूरी है जरूरी' थीम पर राजस्व एवं पुलिस प्रशासन द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। अभियान के तहत ग्राम खर्रा में महिलाओं और पुरुषों ने नशा मुक्ति के नारे लगाते हुए जागरूकता रैली निकाली और ग्रामीणों को नशा न करने का संदेश दिया।**

रैली के बाद आयोजित सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर एसडीएम परसवाड़ा श्रीश प्याशी तथा नगर निरीक्षक, परसवाड़ा पुलिस मदन इवने ने अभियान में भाग लेकर ग्रामीणों को संबोधित किया।

एसडीएम श्रीश प्याशी ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान समाज को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और प्रशासन इस पहल में ग्रामीणों का पूरा




सहयोग करेगा। उन्होंने ग्रामीणों से आगे आकर शिकायत दर्ज कराने की अपील की तथा आश्वासन दिया कि सही शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

नगर निरीक्षक मदन इवने ने बताया कि ग्राम की महिलाओं द्वारा समिति बनाकर गांव की निगरानी की जा रही है, जो नशे से जुड़े मामलों की सूचना पुलिस को देगी। ऐसे मामलों में वैधानिक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे समाज में नशा मुक्ति का सशक्त संदेश पहुंचे।

ग्राम सरपंच अर्जुन उईके ने कहा कि शराब के कारण परिवारों में विवाद बढ़ रहे हैं और बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। महिलाओं की पहल पर ग्राम में नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य गांव को पूर्णतः नशामुक्त बनाना है।

### शराब पीने पर लगेगा 5000 का जुर्माना

अभियान की प्रमुख भूमिका निभा रहीं रूपाली चौथे ने बताया कि महिलाओं ने समिति बनाकर शराब बनाने वालों पर 25,000, पीने वालों पर 5,000 तथा पिलाने वालों पर 5,000 का आर्थिक दंड निर्धारित किया है। वहीं सूचना देने वाले व्यक्ति को 2,000 का पुरस्कार देने का भी निर्णय लिया गया है। बाहर से शराब लाकर गांव का माहौल खराब करने वालों पर भी 5,000 का जुर्माना लगाया जाएगा।

सभा में ग्रामीणों ने नशे से होने वाले सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक नुकसान पर चर्चा की और सामूहिक रूप से गांव को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया।

परसवाड़ा क्षेत्र के ग्रामों में महिलाओं की पहल से शुरू हुआ यह नशा मुक्ति अभियान अब जनआंदोलन का रूप लेता दिख रहा है। प्रशासन के सहयोग और ग्रामीणों की सहभागिता से गांवों को नशामुक्त बनाने की दिशा में मजबूत कदम उठाया गया है।

### कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख ग्रामीण

देव सिंह उईके, शिवलाल परते, सुरेश पटेल, गजरू लाल धुर्वे, विजय मरकाम, रूपाली चौरे, शांताबाई उईके, सविता बाई उईके, पुष्पा उईके, सुखवाती मसराम, भागीरथी कूड़ापे, अनुसूईया मेरावी, सुगनी बाई धुर्वे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण मौजूद रहे।



# पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को लेकर भाजपा की बैठक आयोजित

**▶ 28 को जिला कार्यशाला, 11 मार्च से 14 अप्रैल तक मंडल स्तरीय प्रशिक्षण**

**बालाघाट।** जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे की अध्यक्षता में शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की व्यापक तैयारियों को लेकर आवश्यक बैठक संपन्न हुई। जहां भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कांवरे ने बताया कि, जिले के कार्यकर्ताओं की पहचान पूरे देश में उनकी प्रतिबद्धता, संगठन कौशल और राष्ट्र प्रथम के संकल्प के लिए है।

हमने संगठन को केवल राजनीति का केंद्र नहीं, बल्कि परिवार के भाव से संचालित किया है। इसी कारण जनता का हमें अपार आशीर्वाद, स्नेह, विश्वास और समर्थन प्राप्त है। श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए प्रशिक्षण के तहत 11 मार्च से 14 अप्रैल तक मंडल स्तरीय 4 दिवसीय प्रशिक्षण आहुत होगा। 15 अप्रैल से 22 मई तक 2 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न होंगे। वहीं आगामी समय में बूथ स्तर पर भी प्रशिक्षण सुनिश्चित किए गए हैं। इन्हें मूर्त रूप देने के लिए 28 फरवरी को जिला स्तरीय कार्यशाला होगी। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोनू पांडे, किशोर अमूले, जितेन्द्र मोहारे, जिला महामंत्री डां नरेंद्र भैरम, संजय मिश्रा, जिला प्रशिक्षण सह प्रभारी जितेंद्र चौधरी, झामसिंह नागेश्वर, जिला मंत्री सुधीर चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी हेमेंद्र क्षीरसागर, जिला कार्यालय मंत्री सुमित यादव, जिला कार्यालय सह मंत्री चंद्रकांत पिपलेवार, तपन राजा चौधरी, प्रज्जवल चौरसिया सहित बड़ी संख्या भाजपा पदाधिकारियों ने बैठक में सहभागिता की। आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हेमेंद्र क्षीरसागर ने देते हुए कहा, संगठन की शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। इसी विश्वास के साथ हम जनसेवा के पथ पर निरंतर अग्रसर हैं।




# 7 दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत खैरी में आयोजित

**नवभारत, बालाघाट। शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का 7 दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत खैरी में दिनांक 14 फरवरी से 20 फरवरी 2026 तक लगाया गया। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सरोज घोडेश्वर मैडम द्वारा दल को हरी झंडी दिखाकर शिविर स्थल के लिए रवाना किया गया।**

यह शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ निधि ठाकुर की अध्यक्षता में कार्यक्रम अधिकारी डॉ तनुश्री अगासे, एवं सुश्री रुचिका धुर्वे द्वारा गांव के सरपंच महोदय श्री गौरी शंकर मोहारे एवं अन्य सरपंच सदस्य की उपस्थिति में मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। यह शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्राम खैरी के ग्रामीण वासियों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना साथ ही डिजिटल साक्षरता प्रदान करना रहा। शिवरात्रि के अवसर पर छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत शिव बारात का आयोजन कर धूमधाम तरीके से शिवरात्रि पर्व मनाया गया। इस विशेष शिविर के अंतर्गत छात्राओं द्वारा स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक मुक्त अभियान, नशा मुक्ति अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, साइबर अवेयरनेस, महिला सुरक्षा एवं महिला शक्तिकरण, शिक्षा का अधिकार, वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण, सड़कों एवं नालियों की सफाई, वृक्षारोपण, कराटे प्रशिक्षण, सिविल डिफेंस ट्रेनिंग, समस्त कार्यक्रम स्वयंसेवको द्वारा ग्राम वासियों को जागरूक करने हेतु चलाए गए ।इसके अलावा महिलाओं एवं कन्याओं के लिए मासिक धर्म से संबंधित भ्रांतियां दूर कर निशुल्क पैड वितरित किए गए एवं गर्भवती महिलाओं को संतुलित पोषक आहार लेने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों के द्वारा समुह नृत्य, एकल नृत्य, भजन, भाषण, गायन, नाटक आदि कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। समापन के दिवस महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ सुनील मासुलकर, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ दिपरत्ना मासुलकर, सरपंच महोदय एवं अन्य अतिथिगणो की उपस्थिति में कार्यक्रम अधिकारी डॉ तनुश्री अगासे के द्वारा शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, शील्ड, मेडल देकर छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य कामना करते हुए शिविर का समापन किया गया । शिविर के सफल आयोजन में समस्त महाविद्यालय परिवार का सहयोग रहा।

# नपा बालाघाट ने किया अम्बेडकर चौक में आधुनिक स्मार्ट ट्रैफिक सिग्नल का शुभारंभ

**▶ नपाध्यक्ष ने हाथ जोड़कर वाहन चालकों से कहा नियमों का करें पालन**

**नवभारत, बालाघाट।** नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा शहर के अम्बेडकर चौक में पहली बार स्थापित किये गये इलेक्ट्रीक ट्रैफिक सिग्रल का 20 फरवरी को विधिवत शुभारंभ किया। इस प्रयास से यातायात के दबाव को कम करने तथा दुर्घटनाओं को रोकने के साथ ही सुरक्षित यातायात में मदद मिलेगी।

नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने ट्रैफिक सिग्नल का शुभारंभ करने के साथ ही वाहन चालकों से हाथ जोड़कर आग्रह करते हुए कहा कि आप सभी ट्रैफिक नियमों का पालन करें, दुपहिया चालक हेलमेट लगाकर सड़कों पर चले और चौपहिया में सीट बैल्ट का उपयोग करें यह ट्रैफिक सिग्रल यातायात व्यवस्था को और अधिक सुचारू और सुरक्षित बनायेगा वहीं पुलिस प्रशासन को यातायात व्यवस्था बनाए रखने में विशेष सहयोग मिलेगा ,उन्होंने आगामी दिनों में शहर के हनुमान चौक ,रानी अवन्ती बाई चौक और काली पुतली चौक में भी आधुनिक एवं नये इलेक्ट्रीक ट्रैफिक सिग्नल स्थापित किये जाने का भरोसा दिलाया। ट्रैफिक सिग्नल में खास बात यह रहेगी कि जब लाल बत्ती जली होगी और लोग ठहरे हुए होंगे



तो मौके पर उन्हें लाऊड स्पीकर से यातायात सुरक्षा का संदेश भी मिलेगा जो सुरक्षित यातायात और दुर्घटनाओं की रोकथाम में कारगर साबित होगा।

### सड़क सुरक्षा और यातायात नियंत्रण पर सराहनीय कदम : मौसम बिसेन

ट्रैफिक सिग्नल शुभारंभ अवसर पर प्रमुख अतिथि मौसम बिसेन ने नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा नगर विकास के कार्यो की प्रशंसा की उन्होंने कहा कि ट्रैफिक सिग्नल आज शहर की बड़ी जरूरत थी जिससे सड़क सुरक्षा और यातायात नियंत्रण में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि अम्बेडकर चौक व्यस्ततम चौराहा होने से यहां नागरिकों, मजदूरों और विद्यार्थियों के साथ अी आम नागरिकों को ट्रैफिक सिग्नल से यातायात कंट्रोल होने पर बड़ी राहत मिलेगी। 20 फरवरी को विधिवत पूजा-अर्चना के बाद स्वीच ऑन कर ट्रैफिक सिग्नल का शुभारंभ कर दिया गया है।

### हनुमान चौक और काली पुतली चौक में भी लगेंगे सिग्नल

नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने इस मौके पर कहा कि नगरपालिका परिषद बालाघाट द्वारा अनुमानित 28 लाख रूपये की लागत से आधुनिक और स्मार्ट ट्रॉफिक सिग्नल अम्बेडकर चौक में स्थापित किया गया है। जो सुरक्षित और सुचारू तरीके से यातायात को कंट्रोल करेगा। नपाध्यक्ष ने बताया कि शहर में सुरक्षित आवागमन और यातायात को लेकर नगरपालिका बालाघाट की पहल जारी रहेगी और आगामी दिनों में हनुमान चौक तथा काली पुतली चौक में भी ट्रैफिक सिग्नल लगाये जाएंगे।

### शहर को बनाएंगे सुंदर, सुरक्षित और सुविधाजनक

नपाध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने कहा कि जनहित और जनसुविधा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारे नेता गौरीशंकर बिसेन के प्रयासों से शहर में सरेखा, भटेरा और गर्रा आरओबी बन रहे है यह भी यातायात को सुगमता प्रदान करने के लिये बड़ा कदम रहा है उनके ही मार्गदर्शन में हम शहर को सुंदर, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिये आगे भी ऐसे प्रयास निरंतर जारी रखेंगे। नपाध्यक्ष ने बताया कि ट्रैफिक सिग्नल में सुरक्षात्मक संझ्रदेश भी यहां लाऊडस्पीकर से दिये जाएंगे जब लाल बत्ती जली होगी तो यातायात नियमों के संबंध में सूचनाएं नागरिकों को मिलेगी जिससे ट्रैफिक नियमों का पालन करने में बड़ी मदद होगी।

### पुलिस के प्रयासों में नपा का अहम योगदान

नपाध्यक्ष ने कहा कि शहर में पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा द्वारा नो हेलमेट-नो राईड अभियान चलाया जा रहा है जिसे उत्कृष्ट सफलता मिली है और लोगों ने हेलमेट के महत्व को जाना है। नगरपालिका ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर मंथन किया और शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने संयुक्त प्रयासों से ट्रैफिक सिग्रल को प्रारंभ करने में सफलता मिली है। नपाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस कर्मी अब तक अम्बेडकर चौक में हाथों में लाईट लेकर यातायात कंट्रोल किया करते थे लेकिन अब ट्रॉफिक सिग्नल लगने से यातायात पुलिस को व्यवस्था बनाने में काफी मदद मिलेगी और शहर में यातायात के दबाव पर नियंत्रण करने में सहायता होगी।

**इनकी रही उपस्थिति** - अम्बेडकर चौक में ट्रैफिक सिग्नल के शुभारंभ अवसर पर ओबीसी कल्याण आयोग सदस्य मौसम बिसेन, नपा उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, सभापति समीर जायसवाल, संगीता कावरे, वकील वाधवा, उज्जवल आमाडारे, पार्षद मनीष नेमा, गिरीश कावड़े, मानक बर्वे के साथ ही राकेश सेवईवार, रमाकांत डहाके, सुशील वर्मा,जैनेन्द्र कटरे, खगेश कावरे, धीरज सुराना,नगर पुलिस अधीक्षक मयंक तिवारी, कोतवाली थाना प्रभारी कामेश धुमकेती, यातायात थाना प्रभारी यीना राहंगडाले, सीएमओ बीडी कतरोलिया, नपाकर्मी एवं नगरवासी काफी संख्या में उपस्थित रहे।

# जल जीवन मिशन ने बोलडोंगरी गांव की बदली तस्वीर

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले के कटंगी विकासखंड का छोटा सा गाँव बोलडोंगरी आज ग्रामीण विकास की एक प्रेरक मिसाल बन गया है। 190 परिवारों की 891 की आबादी वाले इस गाँव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल-जल योजना का कार्य 23 अगस्त 2021 को लगभग 50.98 लाख रुपये की लागत से प्रारंभ हुआ था। योजना के तहत 50 किलोलीटर क्षमता की उच्च स्तरीय पानी की टंकी का निर्माण किया गया है, जिससे पूरे गाँव को नियमित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। गांव के सभी 190 परिवारों को नल कनेक्शमन मिल गया है और उससे ग्रामीणों को शुद्ध जल मिलने लगा है।

बोलडोंगरी गांव के प्रत्येपक घर में नल से शुद्ध जल पहुंचने से गावं की तस्वीकर ही बदल गई है। जल




जीवन मिशन की योजना का यह बदलाव केवल पाइपलाइन बिछाने तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि इसने गाँव के सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य परिदृश्य को पूरी तरह बदल दिया है। जल जीवन मिशन की योजना आने से पहले गाँव की महिलाओं को पानी के लिए दूर-दराज के हैंडपंपों और कुओं पर निर्भर रहना पड़ता था। प्रतिदिन घंटों पानी भरने में बीत जाते थे। इससे न केवल महिलाओं की आर्थिक गतिविधियाँ प्रभावित होती थीं, बल्कि बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ता था। गर्मियों में जल संकट और गहरा जाता था, जिससे कई बार विवाद की स्थिति भी बन जाती थी।

जल जीवन मिशन के तहत गाँव में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति (VWSC) का गठन किया गया, जिसमें 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई। गाँव की महिलाओं को 'फील्ड टेस्ट किट (स्नज्ञ्य)' के माध्यम से पानी की गुणवत्ता जांचने का प्रशिक्षण दिया गया। अब महिलाएँ स्वयं जल की शुद्धता की निगरानी कर रही हैं, जिससे पारदर्शिता और भरोसा दोनों बढ़ा है। योजना के क्रियान्वयन में ग्राम पंचायत और ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा, जिसने इसे एक जनभागीदारी मॉडल बना दिया।

### जल जनित बीमारियों में कमी

बोलडोंगरी में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होने से डायरिया जैसी जलजनित बीमारियों में कमी आने लगी है। पानी लाने के श्रम से मुक्ति मिलने के बाद महिलाएँ अब सिलाई-कढ़ाई, लघु उद्योग एवं स्वरोजगार गतिविधियों से जुड़ रही हैं। बच्चों को अब पानी भरने में समय नहीं लगाना पड़ता, जिससे वे नियमित रूप से स्कूल जा पा रहे हैं और पढ़ाई पर ध्यान दे रहे हैं। बेहतर बुनियादी सुविधाओं के कारण शहरों की ओर पलायन करने वाले कुछ परिवार अब वापस गाँव लौटकर खेती और पशुपालन में रुचि दिखा रहे हैं। पानी लाने में लगने वाले समय का सदुपयोग अब परिवार की आय बढ़ाने और सामाजिक गतिविधियों में हो रहा है। ग्रामीणों ने इस परिवर्तन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, बालाघाट (म.प्र.) के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# राष्ट्रीय साहित्य एवं पुरातत्व का अनुष्ठान आज पांच चरणों में सम्पन्न होगा

**गंगोत्री और परिदृश्य, टीन शेड का होगा लोकार्पण होगा**

**नवभारत, बालाघाट।** इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान तथा वीर अकादमी बालाघाट मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में पुण्य सलिला वैनगंगा के तट पर बसा बालाघाट चर्चित नगर में जहाँ राष्ट्रीय साहित्य एवं पुरातत्व का 24 वाँ अनोखा महाभव्य अनुष्ठान दिनांक 22 फरवरी 2026 को सहयोगात्मक रुप से सादगी पूर्वक आयोजित किया जा रहा। उक्त अवसर पर 15 राज्यों से प्रतिष्ठित पुरातत्व विद्, इतिहास विद्, साहित्य विद्, समाज शास्त्री, अधिकारियों का आगमन विश्व की जानी-मानी हस्तियों का भव्यता के साथ होगा।

प्रथम चरण प्रातः 11 प्रारंभ होगा, जिसमें टीन शेड निर्माण का लोकार्पण, पुरातत्व एवं साहित्य संगोष्ठी विषय में बदलते परिवेश में हिन्दी भाषा का परिदृश्य.. विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी से अवगत करायेंगे।

द्वितीय चरण दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक नन्हें-मुन्नें बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

तृतीय चरण दोपहर 2 बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा प्रारंभ होगा।

चतुर्थ चरण सायं काल 4 बजे से होगा। जहाँ गंगोत्री वार्षिक पत्रिका अंक-24 वाँ, आचार्य डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार का काव्य संग्रह परिदृश्य तथा अन्य पत्र-पत्रिकाओं का विमोचन होगा। तदाशय की जानकारी कार्यक्रम आयोजक आचार्य डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार ने बताया कि विराट अभिनन्दन समारोह में वाचस्पति की मानद उपाधि, विद्या सागर की मानद उपाधि, राष्ट्रीय शिक्षा विद्श्री, राष्ट्रीय साहित्य शिखर विद्श्री, राष्ट्रीय साहित्य शिरोमणि विद्श्री, राष्ट्रीय विशिष्ट पुरोधा विद्श्री, राष्ट्रीय सांस्कृतिक विद्श्री, राष्ट्रीय स्वाभिमान विद्श्री, राष्ट्रीय पुरातत्व विद्श्री, राष्ट्रीय राष्ट्रभाषा स्वाभिमान विद्श्री, राष्ट्रीय स्वर्णिम रत्न विद्श्री, राष्ट्रीय प्रतिभा विद्श्री, राष्ट्रीय ध्रुव प्रकाश विद्श्री, राष्ट्रीय सारस्वत विद्श्री, राष्ट्रीय दिव्य ज्योति विद्श्री, राष्ट्रीय पारसमणि विद्श्री, राष्ट्रीय कर्मयोगी विद्श्री, राष्ट्रीय लक्ष्याधिपति विद्श्री, राष्ट्रीय राष्ट्रभाषा जागृति विद्श्री, राष्ट्रीय शब्द शिल्पी विद्श्री, राष्ट्रीय ऊर्जा विद्श्री आदि 15 राज्यों से पधारे 251 प्रतिष्ठित विद्वानों का पोशाक (गाऊन) , शाल-श्रीफल, अभिनन्दन पत्र, प्रतीक चिन्हों से स्व. अमीचंद अग्रवाल स्मृति में दिया जायेगा। अंतिम पांचवा चरण शाम 5 बजे से विशेष सत्र प्रारंभ होगा, फिर आभार और समापन होगा।

# विधायक भगत की परसवाड़ा के विकास को लेकर मंत्री विजय शाह से सार्थक चर्चा

**बालाघाट।** भोपाल प्रवास के दौरान मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के मंत्री विजय शाह से उनके निज निवास पर विधायक मधु भाऊ भगत ने शिष्टाचार भेंट किया। इस अवसर पर परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास, अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत



एवं सार्थक चर्चा हुई।

भेंट के दौरान परसवाड़ा क्षेत्र की भौगोलिक एवं सामाजिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जनजातीय समुदाय के उत्थान, शिक्षा सुविधाओं के विस्तार, छात्रावासों के उन्नयन, स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती तथा सड़क एवं पुल-पुलियों जैसी आधारभूत संरचनाओं के विकास पर विशेष जोर दिया गया। क्षेत्र में संचालित और प्रस्तावित योजनाओं की वर्तमान स्थिति से मंत्री महोदय को अवगत कराते हुए आवश्यक वित्तीय सहयोग एवं प्रशासनिक स्वीकृतियों के लिए सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया गया।

# बैहर विधान सभा में आज बॉडी बिल्डर दिखायेंगे दमखम

**▶ 5 प्रतिष्ठित खिताबों के लिए प्रदेश स्तरीय महाकुंभ**

**नवभारत, बालाघाट।** मध्यप्रदेश अमेच्योर बॉडीबिल्डर एंड फिजिक्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में जिला बालाघाट के बैहर विधान सभा अंतर्गत कॉपर क्लब मलाजखंड में दिनांक 22 फरवरी 2026 समय सायं के 5 बजे से प्रदेश स्तरीय बॉडीबिल्डिंग एवं फिजिक्स स्पोर्ट्स शरीर



सौष्ठव प्रतियोगिता 2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है ।इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है ।आयोजन समिति द्वारा इसे प्रदेश स्तर पर अब तक के सबसे आकर्षक और सुव्यवस्थित आयोजनों में से एक बनाने की तैयारी की गई है ।इस शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता में 5 खिताबों के लिए प्रतिभागी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे ।जिसमें मेंस फिजिक के लिए कोई आयु बंधन नहीं होगा,जबकि सब जूनियर बॉडीबिल्डिंग के लिए 21 वर्ष से कम आयु के प्रतिभागी,मास्टर बॉडीबिल्डिंग के लिए 40 वर्ष से ऊपर के प्रतिभागी,जूनियर बॉडीबिल्डिंग के 25 वर्ष से कम आयु के प्रतिभागी,वहीं सीनियर बॉडीबिल्डिंग के लिए आयु का कोई बंधन नहीं होगा ।इस प्रतियोगिता में क्षेत्रीय प्रतिभागियों को भी मौका दिया जा रहा है।

संस्था के महासचिव देवेंद्र सरीन ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश भर से चयनित खिलाड़ी भाग लेंगे और कुल 5 प्रतिष्ठित खिताबों के लिए मुकाबला करेंगे ।इन खिताबों के विजेताओं को कुल 55,000 रु की नगद राशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही विजेताओं को आकर्षक ट्रैकसूट,मोमेंटो एवं भव्य चैंपियन ट्रॉफी देकर सम्मानित भी किया जाएगा ।उन्होंने आगे बताया कि खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नट लीफ कंपनी द्वारा सभी पांच खिताब विजेताओं को एक माह की खुराक के रूप में विशेष सप्लीमेंट प्रदान किए जाएंगे ।जिससे उन्हें अपने फिटनेस लक्ष्य को और बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी।